यूएस गवर्नमेंट एक्सचेंज प्रोग्रम्स-मिशन इंडिया

आईआईएम के विद्यार्थियों को मिली अमेरिका के यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम की जानकारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। आईआईएम रांची में यूएस गवर्नमेंट एक्सचेंज प्रोग्राम्स - मिशन इंडिया के लिए यूथ प्रोग्राम्स विषय पर एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक और व्यावसायिक अवसरों के प्रति जागरूक करना था। सत्र में सानंदा मित्रा (एक्सचेंज एंड एलुमनाई कोऑर्डिनेटर, पब्लिक डिप्लोमेसी सेक्शन, अमेरिकी वाणिज्य दूतावास, कोलकाता) बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुईं।

मित्रा ने स्नातक और स्नातकोत्तर प्रोग्राम में शामिल विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अमेरिका के विदेश मंत्रालय की ओर से संचालित 30 से अधिक शैक्षणिक और सांस्कृतिक एक्सचेंज प्रोग्राम्स की जानकारी दी। मित्रा ने विशेष रूप से 10 प्रमुख एक्सचेंज प्रोग्राम्स की चर्चा की, जिनमें न

केवल छात्र बल्कि संस्थान के प्राध्यापक भी अवेदन कर सकते हैं।

मित्रा ने ने छात्रों को वैश्विक मंच पर अपनी शैक्षणिक योग्यता के दम पर अपनी विशेष पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिनमें शामिल होकर विद्यार्थी अपने विषय की गहराई व समझ विकसित कर सकेंगे, साथ ही भविष्य को सार्थक बना सकेंगे।

मित्रा ने एकादमिक के साथ-साथ खेल, कला-संस्कृति एवं साहित्य में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को प्रमुख एक्सचेंज प्रोग्राम जैसे झ स्टडी ऑफ द यूएस इंस्टीट्यूट (सूसी), प्रोफेशनल फेल्लो प्रोग्राम, इंटरनेशनल राइटिंग प्रोग्राम, वन बीट, स्पोर्ट्स विजिटर प्रोग्राम, कम्यूनिटी कॉलेज इनिशिएटिव प्रोग्राम, ग्लोबल अंडरग्रेजुएट एक्सचेंज प्रोग्राम, गांधी-किंग स्कॉलरली एक्सचेंज इनिशिएटिव, एवरेस्ट इंटरनेशनल मॉडल यूनाइटेड नेशन समेत अन्य एक्सचेंज प्रोग्राम की आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रणाली, दोग्यता मानदंड और समय-सीमा की विस्तृत जानकारी साझा की।

साथ ही, एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए चयनित होने वाले उम्मीदवारों को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर से मिलने वाली आर्थिक व आवासीय सुविधाओं से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को इन वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने और समयबद्ध तरीके से आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण करने की प्रेरणा दी। समापन सत्र में आईआईएम रांची के अंतरराष्ट्रीय संबंध के चेयरपर्सन प्रो. अमन कुमार ने सुश्री मित्रा को इस महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक सत्र के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही स्मृति चिह्न भेंट कर सानंदा मित्रा को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राध्यापक समेत अन्य मौजूद थे।

आइआइएम रांची : विद्यार्थियों को शैक्षणिक और कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के बारे में मिली जानकारी

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची में सोमवार को यूएस गवर्नमेंट एक्सचेंज प्रोग्राम्स मिशन इंडिया के लिए यूथ प्रोग्राम्स" विषय पर कार्यक्रम हुआ. बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रही एक्सचेंज एंड एल्यूमनाई सानंदा मित्रा मौजूद रहीं. उन्होंने आइआइएम रांची के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा संचालित 30 से अधिक शैक्षणिक और कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के बारे में बताया. साथ ही उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर से वित्तीय सहायता और आवासीय सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं. मौके पर सत्र के अंत में आइआइएम रांची के निदेशक अमन कुमार ने सानंदा मित्रा को सम्मानित किया.

आइआइएम में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित सदस्य.

एल्युमिनी समन्वयक ने कॉलेज का किया दौरा

रांची. अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कोलकाता एक्सचेंज और एल्युमिनी समन्वयक सानंदा मित्रा ने सोमवार को गोस्सनर कॉलेज का दौरा किया. मास कम्युनिकेशन विभाग के छात्रों को भारत और अमेरिका के बीच एक्सचेंज प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी. सानंदा मित्रा ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच वर्तमान में अलग-अलग वर्गों के लिए 30 से अधिक एक्सचेंज प्रोग्राम संचालित हैं. उन्होंने बताया कि ग्लोबल एक्सचेंज प्रोग्राम (यूजीआरएडी) कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए इसके आधिकारिक वेबसाइट https://www.global ugrad.org/ पर जाकर और जानकारी ली जा सकती है.

अमेरिकी वाणिज्य दूत आज रांची में

रांची. लड़कियों के विरुद्ध हिंसा से निबटने के लिए संस्थागत तंत्र को सशक्त बनाना विषय पर रांची में आयोजित कार्यशाला में अमेरिका की वाणिज्य दूत (कोलकाता) कैथी जाइल्स-डायज शामिल होंगी. 29 को वह कार्यशाला का उद्घाटन करेंगी. उनके साथ सामाजिक कल्याण निदेशक किरण कुमारी पासी और एनरीड फाउंडेशन के अजीत सेन मौजूद रहेंगे. गौरतलब है कि 29 और 30 जुलाई को होटल रैनड्यू, रांची में आयोजित कार्यशाला में महिला हिंसा पर चर्चा होगी. यह कार्यशाला एनरीड फाउंडेशन के साथ साझेदारी में यूएस कांसूलेट जनरल चेन्नई के सहयोग से आयोजित की जा रही है.

Prabhat Khabar_29.07.2025_P. 9

आइआइएम के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय अवसरों की मिली जानकारी

जागरण संवाददाता, रांची : आइआइएम रांची में यूएस गवर्नमेंट एक्सचेंज प्रोग्राम्स मिशन इंडिया के लिए यूथ प्रोग्राम्स विषय पर एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक और व्यावसायिक अवसरों के प्रति जागरूक करना था। सत्र में सानंदा मित्रा, एक्सचेंज एंड एलुमनाई को-आर्डिनेटर, पब्लिक डिप्लोमेसी सेक्शन, अमेरिकी वाणिज्य दूतावास, कोलकाता ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने स्नातक और स्नातकोत्तर प्रोग्राम में शामिल विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा संचालित 30 से अधिक शैक्षणिक और सांस्कृतिक एक्सचेंज प्रोग्राम्स की जानकारी दी। सानंदा मित्रा ने 10 प्रमुख एक्सचेंज प्रोग्राम्स की चर्चा की, जिनमें छात्र और प्राध्यापक दोनों आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने एकादमिक के साथ-साथ खेल, कला-संस्कृति एवं साहित्य में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रमुख प्रोग्राम जैसे स्टडी आफ द यूएस इंस्टीट्यूट (सूसी), प्रोफेशनल फेल्लो प्रोग्राम, इंटरनेशनल राइटिंग प्रोग्राम, और अन्य की आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रणाली, योग्यता मानदंड, तथा समय-सीमा की जानकारी साझा की। समापन सत्र में आइआइएम रांची के अंतरराष्ट्रीय संबंध के चेयरपर्सन प्रो. अमन कुमार ने सानंदा मित्रा के प्रति आभार व्यक्त किया और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

आइआइएम रांची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी व विशेषज्ञ • जागरण

यूएस गवर्नमेंट एक्सचेंज प्रोग्राम्स मिशन इंडिया के लिए यूथ प्रोग्राम्स विषय पर एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन

Dainik Jagran_29.07.2025_P. 6

आईआईएम में अमेरिका के यूथ एक्सचेंज की मिली जानकारी

रांची | आईआईएम रांची में यूएस गवर्नमेंट एक्सचेंज प्रोग्राम्स-मिशन इंडिया के लिए यूथ प्रोग्राम्स विषय पर एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन हुआ। सत्र में एक्सचेंज एंड एलुमिनाई कोऑर्डिनेटर सानंदा मित्रा बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों को अमेरिका के विदेश मंत्रालय की ओर से संचालित 30 से अधिक शैक्षणिक और सांस्कृतिक एक्सचेंज प्रोग्राम्स की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से 10 प्रमुख एक्सचेंज प्रोग्राम्स की चर्चा की, जिनमें न केवल छात्र बल्कि संस्थान के प्राध्यापक भी आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर से मिलने वाली सुविधाओं को बताया।

Danik Bhaskar_29.07.2025_P. 4